🅿🅾🅻🅸🅲🅴 🅲🆁🅰🅲🅺🅳🅾🆆🅽

🚔 जनपद- हाथरस 🚔

♦️ प्रेस नोट-16 ♦️

〰️ दिनांक- 04.01.2025 〰️

**‼️ स्पेशल टॉस्क फोर्स (STF) एवं हाथरस पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना हाथरस गेट क्षेत्रान्तर्गत जिओ फाइबर मैनेजर के फिरौती हेतु अपहरण की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए अपहृत को सूचना के 48 घण्टे के अन्दर किया गया सकुशल बरामद।‼️**

**‼️ घटना में शामिल 01 अपहरणकर्ता पुलिस मुठभेड के उपरान्त घायल/गिरफ्तार व कांबिग के दौरान 02 अन्य अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में स्विफ्ट कार, 01 स्कूटी, 50000 रुपये नगद, एक स्कूटी, मोबाइल फोन आदि बरामद। ‼️**

**‼️ पुलिस टीमो द्वारा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन कांबिग की जा रही है, कांबिग के दौरान उक्त अपहरण की घटना का मास्टरमाइंड यश उर्फ गोलू राघव थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त घायल/गिरफ्तार।‼️**

घटना का विवरण- दिनांक 02.01.2025 को थाना हाथरस गेट पर वादिया द्वारा तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उनका पति अभिनव भारद्वाज जीओ फाइवर मे मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जो दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे सिकन्द्रराऊ की कहकर गये हुए थे। शाम लगभग 07.00 बजे घर पर बात भी हुई थी जिनका अज्ञात अभियुक्तो द्वारा वादिया के पति अभिनव भारद्वाज का अपहरण कर 20 लाख रुपये फिरौती की मांग की जा रही है। वादिया की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया।

▶️ पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा घटना को अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए अपहृत की शीघ्र सकुशल बरामदगी व घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु तत्काल थाना पुलिस व स्वॉट/सर्विलॉस टीम सहित 04 टीमो को लगाया गया था। उक्त सनसनीखेज घटना के सफल अनावरण हेतु व्यवसायिक दक्षत से सम्पन्न स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की नोएडा यूनिट के साथ हाथरस पुलिस टीमो का समन्वय स्थापित कराया गया।

▶️ गठित टीमों द्वारा ग्राउन्ड एवं टेक्निकल इंटेलीजेन्स व अन्य श्रोतो से लाभप्रद सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। इसी दौरान अपहरणकर्ताओं द्वारा अपहृत के परिजनों को व्हाट्सएप पर फोन करके पुनः 20 लाख रुपये फिरौती की रकम मांगी गयी थी। आज प्रातः जनपद मुरादाबाद बस अड्डे के पास फिरौती की रकम देने के लिये अपहरणकर्ताओं ने पीड़ित के परिजनों को फोन किया।

▶️उक्त सूचना पर तत्काल हाथरस पुलिस टीम व एसटीएफ गौतमबुद्धनगर की टीम जनपद मुरादाबाद पहुँच गयी। टीमो द्वारा प्रोफेशनल तरीके से कांबिग की जा रही थी। तभी समय करीब 04.30 बजे एक स्विफ्ट कार बस अड्डे के सामने से गुजरी, जिस

पर पुलिस टीम को संदेह हुआ तथा साथ साथ एक स्कूटी भी निकलती दिखायी दी। इसी दौरान स्विफ्ट कार से एक व्यक्ति उतरकर अपहृत के परिजनो के पास गया और थैले में रखे रुपयों को लेकर वापस गाड़ी में बैठ गया तथा गाड़ी को रामपुर को ओर तेजी से बढ़ा दिया। पुलिस टीम को गाड़ी में 05 लोग बैठे दिखे, जिसमें अपहृत अभिनव कुमार भी दिखायी दिया। फिरौती की रकम लेने के पश्चात भी अपहृत को न छोडते देख पुलिस टीम को अनहोनी की आशंका हुई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल स्विफ्ट कार का पीछा करना शुरु किया तथा स्विफ्ट कार को रुकने हेतु इंटरसेप्ट किया गया।

▶ तभी स्विफ्ट कार में बैठे अभियुक्तगणों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। तत्पश्चात पुलिस टीमो द्वारा अपना बचाव करते हुये तथा अपहृत की जान की सलामती हेतु स्विफ्ट कार के टायरो पर फायरिंग की। इसके बाद भी स्विफ्ट कार चालक कार को घुमाकर मुरादाबाद की ओर भगा दिया। स्विफ्ट कार का टायर पंचर होने के पश्चात भी चालक कार को खतरनाक तरीके से भगाने लगा। इसी दौरान स्विफ्ट कार में बैठे लोग लगातार पुलिस टीम पर फायर कर रहे थे। जिसके कारण आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम को फायरिंग करनी पडी। जिससे घबराकर अभियुक्तो ने घने कोहरे का फायदा उठाकर बांऐ एक गली में स्विफ्ट कार मोड दी पुलिस टीमो द्वारा तत्काल स्विफ्ट कार की घेराबन्दी की गयी तो उसमें कार में एक व्यक्ति मिला। जिससे नाम पता पूछा तो अपना नाम अभिनव भारद्वाज (अपहृत) बताया। पुलिस टीमो द्वारा अपहृत को सकुशल बरामद कर लिया गया।

▶ अपहृत द्वारा बताया कि दिनांक 01.01.2025 को 04 लोगो द्वारा सिकन्द्राराऊ(हाथरस) से अपहरण किया था तथा स्विफ्ट कार में डालकर अल्मोडा ले गये थे, वंहा उसको एक मकान के अन्दर बन्द कर रखा था। मकान में उन चार लोगों के अलावा भी 5 लोग उसको बन्धक बनाकर मारते पीटते थे तथा घरवालों को फोन करके पैसे मांगते थे। उससे भी व्हाट्स पर वीडियो काल से बात कराई थी। उस मकान में मुझे पकडकर लाने वाले चारों लोगो के नाम एक दूसरे की बातों में 1. गोलू ठाकुर उर्फ यश, 2. गौरव, 3. गोलू उर्फ अंशुल व 4. प्रशान्त सुने थे, जो अपने आप को छतारी बुलन्दशहर के रहने वाले बता रहे थे। इनके अलावा 5 अन्य लोग विक्की, सूजल कुमार, करण बिष्ट, विशाल कुमार व विरेन्द्र नाम के लड़के जो अल्मोडा के रहने वाले थे, ने मुझे बन्धक बनाकर रखे हुआ था। बीती रात अपहृणकर्ता अपहृत को गाडी में बैठालकर लाये। उसको यह कहकर गाडी मे बिठाए थे कि चलो आज तुम्हारे घरवाले हमे आज पैसा देंगे। गाडी में उसके साथ गोलू ठाकुर उर्फ यश, गौरव, विक्की, व विशाल कुमार उर्फ लाटा थे तथा सूजल कुमार तथा करण बिष्ट एक स्कूटी से थे। तथा गोलू उर्फ अंशुल, प्रशान्त और विरेन्द्र अलग किसी वाहन से थे। यह लोग मुझे स्विफ्ट गाडी में बैठाकर रामपुर लेकर आये, वंहा पर मेरे एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश की परन्तु मैने एटीएम का पिन गलत बता दिया था तो पैसे नही निकल सके, तब मुझे मारा पीटा भी था। उसके बाद यह लोग मुरादाबाद में बस स्टैण्ड के पास आये। स्विफ्ट गाडी से गोलू ठाकुर उर्फ यश उतरकर वंहा खडे मेरे परिजनों से रुपये लिये। गाडी में बैठकर अपने साथियों को रुपये देकर गिनने के लिये कहा पूरे रास्ते यह लोग मेरे ऊपर पिस्टल लगाकर रखते थे तथा कोई भी हरकत करने पर जान से मारने की धमकी देते थे। इसी दौरान पुलिस की गाडी ने इनकी गाडी रोक ली थी तब इन लोगों ने पुलिस पर फायर कर दिया जिसके बाद पुलिस ने भी गाडी पर फायरिंग की थी। पीछे बैठे विशाल की गर्दन के पास गोली लगी है। इसके बाद यंहा गली मे गाडी खडी करके यह लोग गाडी से उतरकर भाग गये हैं। यह लोग मेरे फोन से ही मेरे घरवालों से बात कर रहे थे वह लोग फोन गाडी में छोडकर भाग गये थे। भागे हुए लड़कों के बारे में पूछने पर बताया कि मेन सडक की तरफ भागे हैं।

▶ पुलिस टीमो द्वारा सघन कांबिग करने पर पीली कोठी चौराहे के पास सड़क के किनारे से अभियुक्त सूजल कुमार व करण विष्ट को गिरफ्तार कर लिया गया, जो भागने की कोशिश में थे।

▶ गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ करने पर बताया कि गोलू ठाकुर उर्फ यश पुत्र हरिगोपाल, प्रशान्त पुत्र महेश व गौरव पुत्र भूरा सिहं निवासीगण सहार बुलन्दशहर, गोलू उर्फ अंशुल पुत्र नेक सिहं निवासी हतिसा हाथरस एक व्यक्ति का अपहरण करके अल्मोडा लाए थे। हम लोगो ने अपहरण के लिये फिरौती लेने के लिये आज मुरादाबाद आये थे। अपहृत को हम लोगो के अलावा विशाल कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी राजपुर अल्मोडा, विरेन्द्र पुत्र सतीश निवासी कस्बा दिनेशपुर रुद्रपुर, तथा विक्की पुत्र नामालूम निवासी एनटीटी अल्मोडा भी अपहृत को एक मकान में छिपाकर रखे हुए थे। आज फिरौती की रकम वसूलने आये थे परन्तु पकडे गये।

▶ इसी दौरान थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि पास ही किसी शनि मन्दिर के पास से गोली से घायल व्यक्ति को पीआरवी ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है, जिसका नाम विशाल कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी राजपुरा धारानौला थाना कोतवाली अल्मोडा है। जिसका इलाज कराया जा रहा है।

‼ हाथरस पुलिस व एसटीएफ गौतमबुद्धनगर की संयुक्त कार्यवाही में उक्त सनसीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 अभियुक्त विशाल आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबीं फायरिंग में घायल हो गया है जिसका उपचार सिविल अस्पताल मुरादाबाद में चल रहा है। तथा 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। अपहृत को पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया है। ‼

‼ घटना में शामिल अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो द्वारा लगातार कांबिग की जा रही है। कांबिग के दौरान उक्त घटना का मास्टरमाइंड यश उर्फ गोलू राघव को थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त घायल हो गया है, जिसके कब्जे से एक तमंचा व जिन्दा व खोखा कारतूस बरामद हुआ है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है गिरफ्तार/घायल अभियुक्तगणो के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी करते हुये पुलिस द्वारा विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। ‼

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-**

1.विशाल पुत्र मोहनलाल निवासी राजपुरा धारानौला थाना कोतवाली अल्मोडा जनपद अल्मोडा उत्तराखंड। (घायल)

2. गोलू उर्फ यश राघव पुत्र हरिगोपाल निवासी छतारी जनपद बुलन्दशहर। (घायल)

3.सूजल कुमार पुत्र सुरेशलाल निवासी कनेली थाना कोतवाली अल्मोडा जनपद अल्मोडा उत्तराखंड।

4.करण विष्ट पुत्र राजेन्द्र विष्ट निवासी मालगंव थाना कोतवाली अल्मोडा जनपद अल्मोडा उत्तराखंड।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक स्विफ्ट कार नं UP14 ER9568 ग्रे रंग (घटना मे प्रयुक्त)
2. एक स्कूटी नं UK01 D 3085 (घटना मे प्रयुक्त)
3. 50 हजार रुपये नगदी
4. तीन मोबाइल फोन
5. एक तमंचा, 01 जिन्दा व खोखा कारतूस

**अनावरित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 04/25 धारा 140(2) बी एन एस थाना हाथरसगेट जनपद हाथरस

**MEDIA CELL HATHRAS**